## द्वितीय राजभाषा वैज्ञानिक राजभाषा कार्यशाला में संस्थान के वैज्ञानिक दल द्वारा सह–भागिता दिनांक 31.05.2025 से 01.06.2025

भारत सरकार की वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अंतर्गत भारतीय प्राणी सर्वेक्षण की मध्य क्षेत्र प्रादेशिक केंद्र जबलपुर द्वारा दिनांक 31.05.2025 से 01.06.2025 तक दो दिवसीय ''राजभाषा वैज्ञानिक'' शीर्षक अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया था। उक्त कार्यशाला में संस्थान के वैज्ञानिक डॉ अनिरुद्ध मजूमदार को वन्यप्राणियों के ऊपर व्याख्यान कर्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था, जिसमे उनके द्वारा **"मध्य प्रदेश के जबलपुर और इंदौर के शहरी क्षेत्रों में तेंदुए (*Panthera pardus* L.) की उपस्थिति, संघर्ष क्षेत्रों की पहचान और मानव–तेंदुए के सहास्तित्व पर उपयुक्त उपायों के ऊपर सुझाव"** के ऊपर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया जो कार्यशाला में काफी सराहनीय पाया गया।

कार्यशाला में छात्रों एवं शोधकर्ताओं के लिए निर्धारित पोस्टर प्रस्तुतीकरण की कैटेगरी में विभिन्न संस्थानो, विश्वविद्यालयों के शोधकर्ताओं के साथ-साथ संस्थान के लाख परियोजना में कार्यरत शोधकर्ता श्री बलराम लोधी एवं भारत सिंह आर्मो ने भी लाख अनुसंधान शीर्षक **"लाख कीट पारिस्थितिकी में विभिन्न कीट प्रजातियों का अध्ययन"** पर पोस्टर प्रस्तुतीकरण दिए। पोस्टर कैटेगरी में संस्थान की उक्त शोध पत्र प्रथम स्थान अर्जित किया गया है। उक्त कार्यशाला में राज्य सरकार एवं भारत सरकार की विभिन्न महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, कृषि विश्वविद्यालय एवं शिक्षा प्रतिष्ठान के 100 से अधिक वैज्ञानिक, प्राध्यापक, शोधकर्ता एवं अधिकारियों ने भाग लिए थे।







भारत सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
द्वितीय राजभाषा वैज्ञानिक कार्यशाला


भारत सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय


भारत सरकार